## 15वीं एशियाई सीनियर कुराश चैंपियनशिप में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

# ताजिकिस्तान में दम दिखाएंगी पहलवान अंजलि चौहान

*कुश्ती में मिस हरियाणा और भारत महिला केसरी का खिताब भी अपने नाम कर चुकी*

अंजलि के चयन पर परिजनों, साथी कर्मचारियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए पदक की उम्मीद जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एसडीएम कार्यालय बहादुरगढ़ में कार्यरत (क्लर्क) पहलवान अंजलि चौहान ताजिकिस्तान में अपने कौशल का दमखम दिखाएंगी। अंजलि का का चयन ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में 11 से 15 जून तक होने वाली 15वीं एशियाई सीनियर कुराश चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है। अंजलि के चयन पर परिजनों, साथी कर्मचारियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए पदक की उम्मीद जताई है।

हिसार की अंजलि पिछले करीब डेढ़ दशक से कुश्ती, जूडो और कुराश जैसे खेलों में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। खेलों के प्रति उनका समर्पण बचपन से ही रहा है। शादी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बाद भी उन्होंने अपने खेल करियर को नहीं छोड़ा।



बहादुरगढ़। अपने पति दीपक के साथ अंजलि। फोटो: हरिभूमि

एक बेटी की मां बनने के बावजूद अंजलि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीतकर महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

अंजलि 2012 में कुश्ती में मिस हरियाणा और भारत महिला केसरी का खिताब भी अपने नाम कर चुकी हैं। इसके अलावा जूडो, कुश्ती व कुश्ती में उन्होंने कई पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता में उनके पति दीपक का भी बड़ा योगदान है। दीपक खुद बॉडी बिल्डर हैं और अंजलि की प्रेक्टिस से लेकर हर कदम पर उनका पूरा साथ देते हैं।

परिवार के सहयोग और अपनी मेहनत के दम पर अंजलि अब सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के लक्ष्य के साथ तैयारी में जुटी हैं। अंजलि ने कहा कि नौकरी के साथ-साथ वह लगातार अभ्यास कर रही हैं और ताजिकिस्तान में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने का पूरा प्रयास रहेगा।

## नोएडा में बीआरजी के धावकों का जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नोएडा में आयोजित प्रतिष्ठित ह्यूमेनिटी रन में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों में बीआरजी के सदस्यों ने बेहतरीन दौड़ लगाकर कई पदक और सम्मान जीते।

दीपक छिल्लर ने बताया कि 36 से 50 वर्ष आयु वर्ग की 10 किलोमीटर दौड़ में संदीप राजोरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। गुलाब सिंह ने दूसरा और सत्यवान ने तीसरा स्थान प्राप्त कियया। राजपाल ने भी रेस सफलतापूर्वक पूरी की। जबकि 51 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 10 किलोमीटर दौड़ में रणबीर सांगवान ने दूसरा और धर्मवीर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

आरके मोर पांचवें तथा शमशेर सिंह छठे नंबर पर रहे। नवीन राणा ने 5 किलोमीटर दौड़ सफलतापूर्वक पूरी की। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण ही बीआरजी की सबसे बड़ी ताकत है।



बहादुरगढ़। जीत के बाद पदकों के साथ बीआरजी के धावक। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं के साथ प्रिंसिपल व कॉलेज प्रधान। फोटो: हरिभूमि


## शटलकॉक में छात्राओं ने जीते गोल्ड व सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने रोहतक के छोटूराम स्टेडियम में हुई नेशनल शटलकॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल करने वाली कॉलेज की छात्राओं ने नेशनल लेवल पर भी गोल्ड व सिल्वर मेडल जीते हैं। सीनियर महिला टीम मुकाबले में कॉलेज की टीम ने गोल्ड मेडल जीता। जबकि डबल्स मुकाबले में ज्योति और दिव्या ने सिल्वर मेडल और सिंगल्स मुकाबले में प्रिया दलाई ने सिल्वर मेडल जीते हैं। टीम में ज्योति, तनु, दिव्या, नम्रता गौर, प्रिया दलाई और आभा शामिल रहीं। इस जीत पर कॉलेज प्रधान सत्यनारायण अग्रवाल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज छात्राओं को खेल और शिक्षा के हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने इसे कॉलेज के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया। उनके अनुसार छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा और उत्कृष्ट खेल भावना से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने विजेता टीम और शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता सुनीता रानी को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

## रूद्र ने स्टेट चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**बहादुरगढ़।** अशोका इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 11वीं के छात्र रुद्र ने स्टेट लेवल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता सोनीपत स्थित शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल में हुई थी। रुद्र ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। रुद्र की सफलता में कोच राजेश स्वामी, धर्मेंद्र दलाल व विद्यालय के शिक्षकों का योगदान रहा। विद्यालय की निदेशिका विजय लक्ष्मी, चेयरमैन डॉ. अशोक शर्मा तथा प्रिंसिपल जैनेंद्र कुमार ने रुद्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशिका विजय लक्ष्मी ने कहा कि रुद्र की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।


बहादुरगढ़। चेयरमैन व प्रिंसिपल के साथ रुद्र। फोटो: हरिभूमि

## कराटे में जीडी गोयनका की बादशाहत कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवांवित किया। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में विद्यालय के 14 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक जीते।

स्कूल के कराटे खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक और 1 कांस्य पदक जीतकर स्कूल के साथ ही बहादुरगढ़ का भी नाम रोशन किया है। शिक्षकों, अभिभावकों और सहपाठियों ने सभी विजेताओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का



बहादुरगढ़। जीडी गोयनका के पदक विजेता कराटे खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह सफलता केवल पदकों की नहीं बल्कि उनके आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों की भी जीत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार शानदार प्रदर्शन करेंगे। प्रिंसिपल समेत समस्त स्टॉफ ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके आगामी प्रतियोगिताओं के लिए भी सफलता की कामना की।

## होनहार विद्यार्थियों को पहनाए चांदी के मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में मंगलवार को दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में शिक्षकों, ग्रामवासियों व एसएमसी सदस्यों द्वारा बारहवीं कक्षा के वाणिज्य संकाय में जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में प्रथम स्थान हासिल करने पर छात्र देव को चांदी का मेडल पहनाया। होनहार छात्र देव ने 500 में से 482 अंक प्राप्त किए।

प्राचार्य वेदप्रकाश ने बताया कि जहां छात्रा पलक ने कला संकाय में 456 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं सोनिया, राखी, खुशी, सक्षम और योगिता तथा 10वीं कक्षा के होनहार छात्र यश कुमार, वामिका और कशिश को विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय हासिल करने पर चांदी के मेडल से सम्मानित


झज्जर। शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों व ग्रामवासियों के साथ उपस्थित होनहार विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

किया गया। रिटायर्ड सैनिक जोरावर सिंह, रिटायर्ड अध्यापक सतवीर सिंह व सुरेंद्र सिंह ने भी होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। समारोह के बाद गांव ढाकला और चांदोल में ढोल-नगाड़ों के साथ रैली निकाली गई। सम्मान समारोह में मंच संचालन का कार्य विजय कुमार ने किया। इस मौके पर योगिता, राहुल तिवारी, विजय कुमार, मनोज कुमार, जसवंत, ब्रह्मपाल, आनंद कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, राकेश, यशवंती, मुमताज, ममता कुमारी, सुनील, विक्रम, रमेश, अमित, पवन, जयविन्द्र, नवीन, परमजीत आदि मौजूद रहे।


झज्जर। जलपात्रों के साथ उपस्थित शिक्षक एवं स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

## बढ़ती गर्मी में पक्षियों को राहत दिलाने के लिए स्वयंसेवकों ने लगाए जलपात्र

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के स्वयंसेवकों ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए जलपात्र लगाने की सराहनीय पहल की है। महाविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों एवं स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध हो सके। इस सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण की पहल में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दलबीर सिंह ने स्वयं सहयोग करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। एनएसएस अधिकारी डॉक्टर मीनाक्षी और डॉक्टर विकास सुहाग के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्थानों पर जलपात्र स्थापित करते हुए उनमें नियमित पानी भरने व उनकी देखरेख की जिम्मेवारी भी ली। इस मौके पर डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया, डॉक्टर अमित भारद्वाज, अलका सैनी, डॉक्टर अरुण आदि उपस्थित रहे।

## मातन में घरों से बाहर मीटर लगाने का किया विरोध

**भड़के ग्रामीण : बिजली निगम की टीम को काम अधूरा छोड़कर ही वापस लौटना पड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

घरों से बाहर मीटर लगाने के लिए गांव मातन में पहुंची बिजली निगम की टीम का ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। काफी समझाने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने। इस वजह से टीम को काम अधूरा छोड़कर ही वापस लौटना पड़ा। हालांकि अधिकारियों द्वारा जल्द ही इस काम को पूरो किए जाने की बात कही गई है।

दरअसल, जगमग योजना के तहत बिजली निगम की ओर से गांवों में मीटर घरों से बाहर लगाए जा रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार को एसडीई की अगुवाई में एक टीम गांव मातन में पहुंची। टीम ने काम शुरू किया और कुछ मीटर ही बाहर लगाए थे कि ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं सहित ग्रामीण इकट्ठे हुए और मीटर बाहर लगाने का विरोध जताया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया और योजना के लाभों की जानकारी देनी चाहिए, लेकिन लोग नहीं माने। अब ड्यूटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में टीम जल्द ही कार्रवाई करने दोबारा दस्तक देगी। उधर, एसडीई शिवराज का कहना है कि मातन गांव में कुछ लोगों ने काम का विरोध किया है। काम में बाधा डालने वालों के खिलाफ आसौदा थाने में शिकायत दी गई है। अब ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में काम कराया जाएगा।


बहादुरगढ़। मीटर बाहर करने के विरोध में इकट्ठे हुए ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। खेतों से उठता धुएं का गुब्बार। फोटो: हरिभूमि

## नूना माजरा के खेतों में लगी आग, धुएं से फैला प्रदूषण

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा के खेतों में मंगलवार सायं आग लग गई। आग खेतों में पड़े फसलों के अवशेष और कबाड़ में लगी, जिससे आसपास के क्षेत्र में काला धुआं फैल गया। धुएं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग बुझने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।


झज्जर। सहायक उपकरण वितरित करते आयोजक।

## वृद्धों को वितरित किए सहायक उपकरण

**झज्जर।** सूबेदार बनारसी दास बरसीवाल एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर संस्था द्वारा जिले के गांव छप्पार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर वृद्धों, दिव्यांगों और जरूरतमंद लोगों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में छड़ी, बधिरों के लिए कान की मशीन, कमोड सीट, घुटनों व कमर की बेल्ट तथा शुगर मरीजों के लिए विशेष शीट सहित कई प्रकार के उपकरण प्रदान किए गए। संस्था के अध्यक्ष नरेश बरसीवाल ने कहा कि मानव सेवा ही परम सेवा है और जरूरतमंदों की सहायता करने से भगवान भी प्रसन्न होते हैं। इस सेवा शिविर में करीब 30 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से वृद्धों, दिव्यांगों और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। इस मौके पर ग्राम सरपंच श्रीभगवान व हरीश डागर भी उपस्थित रहे।

## छबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

**झज्जर।** आजकल जब तापमान अधिकतम पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है तो लोगों को शीतल जल की जरुरत महसूस होने लगी है। ऐसे में शहर के मेन बाजार स्थित नेताजी सुभाष चौक पर दुकानदारों द्वारा छबील लगाकर राहगीरों में ठंडाई वितरित की गई। दुकानदारों द्वारा आपसी सहयोग से लगाई गई इस छबील में सैंकड़ों राहगीरों ने ठंडाई पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर दुकानदार शानू, हैप्पी मेहरा, प्रवीन तनेजा, नरेंद्र जुनेजा, पवन बीरे, अमित सहित अन्य दुकानदारों ने भी सेवाएं दीं।


झज्जर। छबील लगाकर राहगीरों में ठंडाई वितरित करते हुए श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

**छात्राओं के तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल को मजबूत करेंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम**

## कॉलेज और भारतकेयर्स के बीच साइन हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय और एसएमईसी ट्रस्ट के भारत केयर्स के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों संस्थानों ने छात्राओं को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए आधुनिक एवं रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से आपसी सहयोग पर सहमति व्यक्त की। एमओयू के अंतर्गत छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल स्किल्स एवं अन्य उभरती तकनीकों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाना तथा उन्हें बेहतर रोजगार एवं करियर अवसरों के लिए तैयार करना है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप व भारत केयर्स से राहुल राजपूत समेत


बहादुरगढ़। हस्ताक्षर के बाद एमओयू दिखाते कॉलेज स्टाफ व ट्रस्ट प्रतिनिधि। फोटो: हरिभूमि

कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने इस सहयोग को छात्राओं के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल को मजबूत करेंगे। वहीं भारतकेयर्स बाय एसएमईसी ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने भी शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

## 20 तक रहेगी प्रदेशव्यापी हड़ताल, 24 व 25 मई को कैबिनेट मंत्री के कार्यालय पर डालेंगे महापड़ाव

# गर्मी में भी धरने पर डटे सफाई कर्मचारी

- कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले 19 वर्षों से कच्ची नौकरी, कम वेतन और शोषण का सामना करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। धरनारत ग्रामीण सफाई कर्मचारी सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए। फोटो: हरिभूमि

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन सदस्यों ने मंगलवार को भी चिलचिलाती धूप के बीच सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। भीषण गर्मी के बावजूद कर्मचारी लघु सचिवालय परिसर में धरने को गति देते रहे हैं। मंगलवार को धरने का संचालन सुनील कुमार द्वारा किया गया जबकि अध्यक्षता कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव संदीप मारौत की। उन्होंने बताया कि प्रदेशव्यापी हड़ताल 20 मई तक जारी रहेगी, जबकि 24 और 25 मई को नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के कार्यालय पर महापड़ाव डाला जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से हजारों सफाई कर्मचारी भाग लेंगे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पिछले 19 वर्षों से वे कच्ची नौकरी, कम वेतन और शोषण का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर 2025 को आए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को सरकार ने अब तक लागू नहीं किया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मियों के लिए घोषित 26 हजार और बाद में बढ़ाकर 27 हजार रुपये वेतन की घोषणा भी धरातल पर लागू नहीं हुई।

उनकी प्रमुख मांगों में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय आदेश लागू करने, 400 की आबादी पर भर्ती, 26-27 हजार रुपये वेतन, एक्सग्रेशिया नीति और मृतक कर्मचारियों के परिजनों को नौकरी देने सहित कई मांगें शामिल हैं। इस दौरान रमेश जाखड़, बलबीर सिंह, राजबीर राहड़, सुरेंद्र सिवाच, राजेंद्र जुलाना सहित अन्य कर्मचारी नेता भी मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू


झज्जर। योग दिवस की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते हुए कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

- ब्लॉक व जिला स्तर पर प्रशिक्षण शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिलाभर में आयुष विभाग द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संगीता ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लॉकों में योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत बेरी खेल स्टेडियम, बहादुरगढ़ स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेडियम, बादली, देवरखाना, माछरौली तथा साल्हावास में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर लगाए गए हैं। वहीं जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर महर्षि दयानंद स्टेडियम हॉल झज्जर में संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कार्यरत पीटीआई तथा डीपीई को सामान्य योग प्रोटोकॉल का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। आयुष योग सहायकों द्वारा संबंधित शिक्षकों एवं अन्य प्रतिभागियों को योगाभ्यास और योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि जिला कारागार में भी आगामी 23 मई को पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बंदियों, कैदियों एवं स्टॉफ सदस्यों को नियमित रूप से योगाभ्यास करवाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से की सीएम विंडो कार्यक्रम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। बैठक में सीएम विंडो कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल। फोटो: हरिभूमि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार सांय वीसी के माध्यम से सीएम विंडो पोर्टल से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अविलंब समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि आमजन द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। वीसी उपरांत डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिए कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का निपटान गंभीरता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## तबीयत बिगड़ने से प्रवासी की मौत

**बहादुरगढ़।** शहर के दयानंद नगर में रहने वाले एक प्रवासी व्यक्ति की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 50 वर्षीय संतोष राय के रूप में हुई है। बिहार के बक्सर जिले से था और यहां किराये पर रहता था। दिहाड़ी मजदूरी करता था। कमरे में वह बेसुध अवस्था में मिला। जब तक किसी की नजर पड़ती, देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। इसके बाद परिजनों के बयान लिए और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। किसी बीमारी से मौत हुई या कोई अन्य वजह रही, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगा।

# चार महीने से वेतन न मिलने पर श्रमिक परेशान

- श्रमिकों ने श्रम विभाग के बहादुरगढ़ स्थित कार्यालय में इकट्ठे होकर नाराजगी जताई
- अधिकारियों को शिकायत देकर समस्या के समाधान की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। प्रेम नगर स्थित श्रम कार्यालय में पहुंचे फैक्ट्री के श्रमिक। फोटो: हरिभूमि

पाहसोर के इंडोस्पेस में स्थित फैक्ट्री कथित तौर पर बंद होने से लगभग 80 श्रमिकों का चार माह का वेतन अटक गया है। इस वजह से श्रमिक परेशान हैं। मंगलवार को श्रमिकों ने श्रम विभाग के बहादुरगढ़ स्थित कार्यालय में इकट्ठे होकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को शिकायत देकर समस्या के समाधान की मांग उठाई।

इससे पहले कर्मचारी बादली थाना, एसडीएम आफिस आदि में भी शिकायतें कर चुके हैं। श्रमिकों ने कहा कि हमने पूरी ईमानदारी के साथ अपना काम किया लेकिन बदले में हमें हमारा मेहनताना तक नहीं मिला है। वेतन मांगने पर हमारी ड्यूटी ही बंद कर दी। कन्हैया लाल ने कहा कि वह पिछले करीब 16 साल से कंपनी में काम कर रहे हैं। करीब 80 कर्मचारियों को दिसंबर माह से सेलरी नहीं मिली है। पहले तो बीच बीच में एक दो दिन के लिए काम बंद हुआ लेकिन 24 मार्च से पूरी तरह से कंपनी बंद है। तब से हम पूरी तरह से खाली हो गए हैं। घर में राशन खत्म हो चुका है और बच्चों की फीस तक नहीं भर पा रहे। मालिकों के फोन बंद हैं। सुनील कुमार ने कहा कि न तो सेलरी दी है और न ही पीएफ जमा कराया जा रहा है। पहले हमें टरकाया गया, फिर बिना कोई नोटिस दिए ताला लगा दिया गया। सतबीर ने कहा कि लगभग 80 श्रमिक प्रभावित हैं। सभी की आर्थिक हालत खराब हो गई है। हमें हमारा वेतन, बोनस, एरियर आदि दिया जाए। उन्हें उम्मीद है कि अधिकारी इस तरफ ध्यान देते हुए हमारी समस्या का समाधान कराएंगे।

# विद्यार्थियों को दी यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। नियमों के पालन की शपथ लेते विद्यार्थी।

गांव डाबोदा खुर्द स्थित महाराजा सूरजमल स्कूल में वर्कशॉप हुई। चेयरमैन प्रो. श्याम सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार ने कहा कि लापरवाह चालक न केवल खुद के लिए बल्कि दूसरों के लिए भी नुकसानदेह साबित होते हैं। इसलिए चालक को सतर्क रहते हुए वाहन चलाना चाहिए। दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट और चौपहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का उपयोग बेहद जरूरी है। प्रिंसिपल डॉ. उमेश छिकारा व मैनेजर राजबीर छिकारा की ओर से इंस्पेक्टर सतीश कुमार को स्मृति चिह्न दिया गया। विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र दहिया रहे। इस अवसर पर योगाचार्य विक्रांत छिल्लर, ज्योति मलिक, ज्योति जून, प्रदीप दलाल, स्नेहलता और जनिका आदि मौजूद रहे।

## मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर अधिकारियों की बैठक आज


रितु बंसीवाल
सीटीएम

**झज्जर।** सीटीएम रितु बंसीवाल ने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण की अर्हता तिथि 1 जुलाई रहेगी। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्य के तहत 5 जून से 14 जून तक तैयारियां, प्रशिक्षण एवं मुद्रण कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा तथा इसी अवधि में मतदान केंद्रों का युक्तिकरण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 21 जुलाई से 18 सितंबर तक किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर को होगा।

## किरण अध्यक्ष व गुंजन बनीं महासचिव



**बहादुरगढ़।** अग्रवाल वैश्य समाज ने बहादुरगढ़ विधानसभा कार्य समिति में महिला इकाई का विस्तार करते हुए नई नियुक्तियां की हैं। किरण गर्ग को समाज की बहादुरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष, गुंजन जैन को महासचिव तथा पूजा जिंदल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, महिला प्रदेशाध्यक्ष सुशीला सर्राफ, महिला प्रदेश सचिव डॉ. अंजू अग्रवाल, श्रीनिवास गुप्ता तथा सतनारायण अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है। किरण गर्ग, गुंजन जैन व पूजा जिंदल ने कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से संगठन को मजबूत करेंगी। भविष्य में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता, शिक्षा, संस्कार और सेवा से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

# वैश्य कॉलेज में पंजीकरण जारी


बहादुरगढ़। कॉलेज में ऑनलाइन पंजीकरण करवाती छात्राएं व अभिभावक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया तेजी पकड़ रही है। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी व बीसीए प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। महाविद्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। छात्राओं को स्बजेक्ट कॉउंसलिंग देने के लिए हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। अनुभवी प्राध्यापिकाओं द्वारा छात्राओं की रुचि एवं भविष्य की संभावनाओं के अनुसार उचित विषय का चयन करने के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 मई है। छात्राएं 10वीं, 12वीं के रिजल्ट, आधार कॉर्ड, परिवार पहचान पत्र, माईग्रेशन सर्टिफिकेट, हरियाणा डोमिसाईल, अपनी फोटो, एससी-बीसी छात्राएं इनकम सर्टिफिकेट, कॉस्ट सर्टिफिकेट तथा बैंक पासबुक लेकर महाविद्यालय पहुंचे।

## कंप्यूटेशनल थिंकिंग व एआई पर हुई कार्यशाला



**बहादुरगढ़।** स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में शिक्षकों के लिए कंप्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर विशेषज्ञ-आधारित डीएलडी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रशिक्षण समन्वयक एवं प्राचार्या डॉ. पूनम सक्सेना के मार्गदर्शन में संपन्न हुई वर्कशॉप में भविष्य के लिए तैयार शिक्षण पद्धतियों और नवाचारी अधिगम दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया गया। डॉ. पूनम सक्सेना ने आधुनिक शिक्षा में कंप्यूटेशनल थिंकिंग और एआई के महत्व पर प्रकाश डाला। एसजीटी विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर मनीषा ने आलोचनात्मक चिंतन और समस्या समाधान कौशल पर विशेष ध्यान दिया गया। सहायक प्रोफेसर डॉ. गोमती एम ने शिक्षकों के लिए एआई उपकरण एवं अनुप्रयोग विषय पर रोचक सत्र का संचालन किया। उन्होंने कक्षा शिक्षण में एआई के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। यूपीईएस देहरादून की सहायक प्रोफेसर माधुरी मिश्रा ने स्कूल परियोजनाओं में एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोग विषय के बारे में बताते हुए शिक्षकों को नवाचारी परियोजना विचारों और एआई के वास्तविक जीवन में अनुप्रयोगों से प्रेरित किया। वर्कशॉप में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्कूल प्रमुख उपस्थित रहे।

## कबलाना गांव के एक घर में रोजाना निकल रहे जहरीले जीव



***झज्जर।*** *क्षेत्र के गांव कबलाना के घर में पिछले कुछ दिनों से सांप, बिच्छू व कानखजूरे जैसे जीव निकल रहे हैं। पीड़ित परिवार के सदस्य इसे घर के साथ गुजर रहे गंदे पानी के नाले को इसका प्रमुख कारण मान रहे हैं। पीड़ित परिवार के मुखिया भूप सिंह ने बताया कि नाले की सफाई न होने के कारण उसमें पैदा हुए सांप-बिच्छू जैसे जीव उनके घर में घुस रहे हैं। ये जहरीले जीव पाइपों के जरिए घर के बाथरूम, वासबेसिन व रसोई तक पहुंच रहे हैं। यदि भूप सिंह की माने तो उसके घर में अभी तक दो दर्जन से अधिक सांप, तीन बिच्छू व पांच कानखजूरे निकल चुके हैं। घर में छोटे बच्चों के होने के कारण डर का माहौल है। परिवार के सदस्य रात भर हाथों में टार्च लिए जागने को मजबूर हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनके घर के साथ लगते गंदे पानी के नाले की सफाई व कीटनाशक दवा का छिड़काव कर उन्हें समस्या से छुटकारा दिलाया जाए।*

## डेढ़ वर्षीय बच्ची के साथ महिला लापता

**बहादुरगढ़।** शहर की डीआईजी कॉलोनी में रहने वाली एक प्रवासी महिला अपनी डेढ़ वर्षीय बच्ची के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिली तो परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। मध्य प्रदेश मूल के दयाराम का कहना है कि उसके पास चार बेटियां हैं। दो बेटियां गांव में तो छोटी बेटियां हमारे साथ यहां डीआईजी कॉलोनी में रहती हैं। गत 15 मई को वह मजदूरी करने नया गांव गया था। वापस आया तो पत्नी सविता व डेढ़ वर्षीय बेटी परी नहीं मिली। बड़ी बेटी से पूछा तो उसने बताया कि मां परी को बाजार ले गई है। शाम तक नहीं लौटी तो हमने तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकाने तलाश चुके हैं लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी उनका कुछ अता पता नहीं है। उधर, सिटी पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

**सूचना**

मैं, मनोज कुमार पुत्र श्री मदन लाल निवासी मकान नंबर-312/22, नेहरू पार्क, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र लक्ष्य मदान मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सरोज पत्नी स्व. श्री रोहतास निवासी 452, वार्ड नंबर-13, आर्य नगर, बैंक कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र कृष्ण कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में कृष्ण कुमार के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। कृष्ण कुमार अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, सत नारायण पुत्र श्री सीता राम निवासी गांव बालौर, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र पंकज यादव और पुत्रवधु शिवानी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। पंकज यादव व उसकी पत्नी शिवानी अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## लगातार चौथी बार पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल सदस्य बनने के बाद झज्जर पहुंचे पूर्व चेयरमैन का किया स्वागत

# नए वकीलों को स्टाइपेंड दिलाना व वेलफेयर एक्ट लागू कराना प्राथमिकता

वर्तमान में पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के अंतर्गत करीब एक लाख 70 हजार अधिवक्ता पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल सदस्य विजेंद्र अहलावत का स्वागत करते हुए अधिवक्ता। फोटो: हरिभूमि

हाल ही में पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य के रूप में लगातार चौथी बार चुनाव जीतने के बाद मंगलवार को विजेंद्र अहलावत झज्जर बार एसोसिएशन पहुंचे। यहां बार एसोसिएशन प्रधान दीपक गोयल की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विजेंद्र अहलावत ने सभी वकीलों का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के अधिवक्ताओं का भरपूर समर्थन और स्नेह मिला है, जिसके लिए वे सदैव अपने साथियों के ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि नए अधिवक्ताओं को प्रैक्टिस के शुरुआती वर्षों में आर्थिक सहयोग देने के लिए स्टाइपेंड योजना लागू कराना जहां उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है वहीं एडवोकेट वेलफेयर एक्ट और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को प्रभावी ढंग से लागू कराने की दिशा में भी बार काउंसिल गंभीरता से काम कर रही है।

नए वकीलों को शुरूआती दौर में काफी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनका प्रयास है कि नए अधिवक्ताओं को कम से कम तीन वर्ष और अधिकतम पांच वर्ष तक स्टाइपेंड उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे बिना आर्थिक दबाव के बेहतर ढंग से प्रैक्टिस कर सकें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के अंतर्गत करीब एक लाख 70 हजार अधिवक्ता पंजीकृत हैं। उनका प्रयास रहेगा कि वे भविष्य में भी अपने साथी वकीलों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहें। बता दें कि विजेंद्र अहलावत झज्जर बार के सदस्य रह चुके हैं और पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चेयरमैन भी रह चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### अनियमितताओं के कारण गांव बिरड़ माजरा की सरपंच निलंबित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए गांव बिरड़ माजरा की सरपंच योगिता को तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेशों के अनुसार योगिता के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनकी नियमित जांच के आदेश जारी किए जा चुके हैं। एसडीएम बेरी को मामले में जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरपंच पद से निलंबित किया गया है। आदेशों में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि पंचायत की चल एवं अचल संपत्ति, अभिलेख तथा अन्य सामग्री जो उनके नियंत्रण में है, उसे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार ग्राम पंचायत में बहुमत रखने वाले पंच को तत्काल प्रभाव से सौंपा जाए।

### प्रॉपर्टी टैक्स के एरियर में छूट का लाभ उठाएं

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने शहरवासियों से हरियाणा सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स के एरियर पर दी जा रही 100 प्रतिशत ब्याज छूट योजना का लाभ उठाने की अपील की है। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा संख्या-66 के तहत 30 जून 2026 तक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने वाले करदाताओं को वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर के नागरिक निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना बकाया टैक्स जमा कराकर इस योजना का लाभ जरूर उठाएं। इसके लिए संपत्ति धारकों को प्रॉपर्टी टैक्स ड्यूज पेमेंट एंड नो ड्यूज सर्टिफिकेट मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपनी संपत्ति का स्वयं सत्यापन करना होगा।

### सोलर प्लेट लेने जा रहे लोगों के साथ मारपीट

**झज्जर।** गांव गुढ़ा के नजदीक साइड दबाने को लेकर गाड़ी चालकों के साथ मारपीट की गई। पुलिस को दी शिकायत में गुरुग्राम जिले के जखोपुर गांव निवासी राजकुमार ने बताया कि वह सोहना से अपने साथी अशोक के साथ सोलर प्लेट लेने के लिए जींद जा रहा था। जब वे गुढ़ा गांव के नजदीक बाईपास पर पहुंचे तो एक काले शीशे वाली पुलिस का स्टीकर लगी गाड़ी ने करीब दो किलोमीटर तक साइड दबाते हुए उनकी गाड़ी को आगे निकलने नहीं दिया। आरोपियों ने गाड़ी अड़ाकर उनकी गाड़ी रुकवा ली और चाबी छीनकर उनके साथ मारपीट की।

# कल से ट्रांसपोर्टरों का सांकेतिक चक्का जाम

- ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने 21 से 23 मई तक विरोध का किया है ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बैठक के दौरान इकट्ठे हुए ट्रांसपोर्टर। फोटो : हरिभूमि

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के आह्वान पर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में 21, 22 और 23 मई को प्रस्तावित तीन दिवसीय सांकेतिक चक्का जाम को लेकर मंगलवार शाम बहादुरगढ़ में ट्रांसपोर्ट यूनियनों की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन परनाला रोड स्थित द बहादुरगढ़ पब्लिक करियर यूनियन के कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिव टर्बो ट्रक यूनियन के उपप्रधान हरबीर जून ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 से 23 मई तक होने वाले चक्का जाम का पूर्ण समर्थन किया जाएगा।

बैठक में संजय छिल्लर, कुलदीप, प्रवीण मान, भूपेंद्र दलाल, राजेश दलाल, रणवीर पहलवान, देवेंद्र देशवाल, मोहन सिंह, काला प्रधान, कपिल पंडित, नरेश मलिक, नवीन राठी और विकास राठी सहित कई ट्रांसपोर्टर व यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि सीएक्यूएम और दिल्ली सरकार द्वारा लागू किए गए आदेशों का वे विरोध करते हैं। उनकी मांग है कि दिल्ली में बाहरी राज्यों से आने वाले ट्रकों पर लगाए गए ईसीसी व एनजीटी टैक्स में की गई बढ़ोतरी वापस ली जाए। साथ ही 1 नवंबर 2026 से बीएस-4 कमर्शियल वाहनों के दिल्ली प्रवेश पर प्रस्तावित प्रतिबंध को रद्द किया जाए तथा बीएस-6 ट्रकों पर जारी ईसीसी शुल्क समाप्त किया जाए। बैठक में यह भी कहा गया कि बीएस-4 डीजल वाहनों को बंद करने का फैसला ट्रांसपोर्ट कारोबार पर बड़ा असर डालेगा। ट्रांसपोर्ट यूनियनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मांगों पर विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## स्टेट रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार का फैसला पलटा, चुनाव कराने को कहा

# 22 मई को होंगे बीसीसीआई चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

औद्योगिक संस्था बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव को लेकर चल रहे विवाद में नया मोड़ आ गया है। फर्म एंड सोसायटी के स्टेट रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार के फैसले पर रोक लगाते हुए चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए हैं। चुनाव की तारीख 22 मई तय की गई है। फैसले के बाद उद्योग विकास मंच से जुड़े उद्योगपतियों ने इसे सच्चाई की जीत बताया है। मंच के पदाधिकारी सुभाष जग्गा, विकास आनंद सोनी और नरेंद्र छिकारा ने कहा कि स्टेट रजिस्ट्रार के समक्ष हुई सुनवाई में टीम प्रोग्रेसिव फ्रंट की ओर से लगाए गए आरोप साबित नहीं हो पाए। उनका आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया को रोकने और संस्था को विवादों में उलझाने के लिए लगातार भ्रामक बयानबाजी की जा रही थी, लेकिन अब स्टेट रजिस्ट्रार के फैसले से स्थिति स्पष्ट हो गई है।



उद्योग विकास मंच के सदस्य विजय चिन्ह बनाते हुए।

सुभाष जग्गा के अनुसार चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और नियमानुसार करवाई जा रही है तथा सभी प्रक्रियाएं संबंधित विभाग की निगरानी में हो रही हैं। विकास आनंद सोनी ने कहा कि यदि वोटर लिस्ट, सदस्यता या चुनाव प्रक्रिया में कोई गंभीर अनियमितता होती तो स्टेट रजिस्ट्रार चुनाव पर रोक जारी रखते। नरेंद्र छिकारा का कहना है कि चुनाव को लेकर जानबूझकर भ्रम की स्थिति पैदा की गई और संस्था की छवि खराब करने की कोशिश की गई। जिला फर्म सोसायटी रजिस्टार संजीत कौर कटारिया के अनुसार निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न होंगे।

## सुबाना का हितेश हत्याकांड

# हमले का बदला लेने को हत्या की थी, 2 गिरफ्तार



झज्जर। पुलिस टीम के साथ आरोपी युवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बीते दिनों क्षेत्र के गांव सुबाना में ताबड़तोड़ गोलियां मारकर की गई युवक की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह हत्या आपसी रंजिश के चलते की गई थी तथा मामले में किसी भी गैंग से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि 15 मई की रात करीब साढ़े दस बजे गांव सुबाना निवासी हितेश उर्फ गुल्लू की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंकित उर्फ बनिया तथा अनुज के तौर पर की गई है। उन्हें कोर्ट से छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### हितेश पर पूर्व दोस्त पर हमले का आरोप

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि मृतक और उसके साथियों के खिलाफ वर्ष 2022 में माछरौली थाने में मुकदमा नंबर 120 धारा 307, 506 व 34 आईपीसी के तहत दर्ज हुआ था। उक्त मामले में हितेश उर्फ गुल्लू, दीपक, रोहित, मोहित, विजय और रवि आरोपी थे। आरोप था कि उन्होंने प्रदीप, डिकेश और सोनू पर फायरिंग की थी तथा उनके साथी रविंद्र और संजीव को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि मृतक हितेश उर्फ गुल्लू जमानत पर बाहर आया हुआ था। पुरानी रंजिश के चलते ही आरोपियों ने उसकी हत्या की। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पूछताछ में यह भी जानकारी मिली है कि हितेश और डिकेश पहले अच्छे दोस्त थे।

## 751 वर्ग गज भूमि पर तोड़फोड़ का विवाद गरमाया, लीजधारकों का आरोप

# वक्फ हाईकोर्ट में जमीन का केस जीत चुका हम किराया दे रहे तो नप ने क्यों तोड़ी दीवार

- इस जमीन पर अवैध तरीके से 25 दुकानें भी बनी थी और रजिस्ट्रियां भी हो गई थीं, बाद में वे कोर्ट में वक्फ से केस हार गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की सूरजमल वाली गली में स्थित विवादित भूमि पर दीवार गिराने का मामला गरमाता जा रहा है। इस जमीन पर वक्फ बोर्ड के लीजधारकों ने अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। खसरा नंबर 2166 को लेकर राजेंद्र मलिक और मनोज कुमार ने बताया कि भारत सरकार ने इसे लेकर 17 अप्रैल 1971 को अधिसूचना जारी की थी। यह जमीन 10 सितंबर 1973 से वक्फ बोर्ड के इंतकाल में है व 16 अगस्त 1985 को हाईकोर्ट में भी वक्फ बोर्ड यह मामला जीत चुका है।

बता दें कि शहर के बीच में स्थित यह जमीन पाना नासियान अर्थात 5-बिसवा की शामलात भूमि है। एक बीघा एक बिसवा जमीन पर राजस्व रिकॉर्ड में मुस्लिम समाज का तकिया (कब्रिस्तान) दर्ज है। हालांकि इस भूमि पर 25 दुकानें भी बन गईं और 1988 व 1994 में अनुचित तरीके से इनकी रजिस्ट्रियां भी हुईं। इनमें से 21 दुकानदार न्यायालय में वक्फ बोर्ड से केस हार चुके हैं। राजेंद्र मलिक और मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में दुकानदारों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा भी दर्ज हो चुका है। उनका दावा है कि अदालत में नगर परिषद अधिकारियों ने स्वयं बयान दिए थे कि उनका इस खसरा नंबर से कोई संबंध नहीं है। इसके बावजूद अब अचानक कार्रवाई करते हुए बिना किसी नोटिस के दीवार तोड़ दी गई।

अशोक कुमार निवासी डाबौदा खुर्द ने 13 जून 2005 को इस 751 वर्ग गज भूमि को लीज पर लिया। शिवा मार्केट के निकट स्थित यह जमीन 240 वर्ग गज वाणिज्यिक और 511 वर्ग गज रिहायशी है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने कानूनी प्रक्रिया के अनुसार निर्माण कराया था। उनके अनुसार नगर परिषद द्वारा पहले पैमाइश भी करवाई गई थी, प्रॉपर्टी आईडी भी बनाई गई। बिजली, पानी और सीवर के कनेक्शन भी जारी किए गए। इतना ही नहीं, वक्फ बोर्ड में 25 हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से पिछले कई सालों का बकाया किराया भी जमा कराया गया और नक्शा भी पास करवाया गया था।

### कई नेता ले रहे इस जमीन में रुचि



राजेंद्र मलिक और मनोज कुमार ने बताया कि चारदीवारी का निर्माण कार्य डीसी और एसडीएम के आदेशों के बाद किया गया था, लेकिन कार्रवाई के दौरान किसी भी दस्तावेज को नहीं देखा गया। उनका कहना है कि जिन अधिकारियों ने निर्माण करवाया, उन्हीं ने बाद में तुड़वा दिया। लीजधारकों ने नगर परिषद की कार्रवाई को तानाशाही बताते हुए कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है और अब वे अदालत में गुहार लगाएंगे। साथ ही उन्होंने बिना नाम लिए आरोप लगाया कि कुछ डीलर टाइप नेताओं ने उन्हें हिस्सेदारी का ऑफर भी दिया था।

### डीसी का तबादला

सियासी हलके में डीसी के तबादले को भी इस मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, शनिवार को इस भूमि पर चारदीवारी होने के बाद ही इसे लेकर विरोध भी शुरू हो गया था। नप चेयरपर्सन सरोज राठी के पति रमेश राठी ने मौके पर पहुंचकर आपत्ति जताई थी। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने भी सीएम से इसकी शिकायत करने की बात कही थी। लेकिन इसी बीच एक पंजाबी नेता ने इसकी शिकायत पूर्व सीएम एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से कर दी। तीन प्रयासों के बाद सोमवार को दीवार भी हटा दी गई। लेकिन रात होते-होते जिला उपायुक्त स्वप्निल रवींद्र पाटिल का तबादला हो गया।

### मामा और भांजे से मारपीट कर गाड़ी से पांच लाख निकाले

**बहादुरगढ़।** जम्मू-कटरा एक्सप्रेस वे पर कार सवार मामा-भांजे के साथ मारपीट करने और गाड़ी से 5 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। घायल मामा दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में नांगलोई दिल्ली के निवासी मनोज का कहना है कि सोमवार को वह अपने मामा वीरेंद्र के साथ गाड़ी में सवार होकर हसनगढ़ स्थित अपने ईंट भट्ठे पर खर्चे के लिए रुपये देने जा रहा था। केएमपी से उतरकर जब जम्मू कटरा रोड पर टोल के पास पहुंचे तो एक गाड़ी हमारे बराबर में आई और उसका चालक हमें गालियां देने लगा। फिर ओवरटेक कर हमें रुकवा लिया। वह युवक बाहर निकला और मेरे हाथ मरोड़ कर धक्का दे दिया। मामा बीच बचाव करने लगा तो उसे भी धक्का दे दिया। डिवाइडर से टकराकर मामा को काफी चोट आई। आरोपी गाड़ी में रखे हमारे 5 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। इसके बाद मैंने मामा को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, सूचना पाकर आसौदा थाना पुलिस हरकत में आई। इस संबंध में पुलिस ने फिलहाल केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धूप में झुलसते मासूमों ने की छुट्टियों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- 43 डिग्री चल रहा तापमान, दिल्ली में 11 मई से छुट्टियां चल रही तो हरियाणा सरकार क्यों नहीं कर रही?




पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। सुबह से ही तेज धूप और लू के थपेड़े लोगों को बेहाल कर रहे हैं। ऐसे हालात में सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। झुलसाती गर्मी में छोटे-छोटे बच्चे भारी बस्ता लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं, जिससे उनकी सेहत पर असर पड़ रहा है। कई बच्चे थकान, सिरदर्द और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से ग्रीष्मावकाश की मांग की है। बता दें कि दिल्ली सरकार ने बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों में 11 मई से ग्रीष्म अवकाश घोषित कर दिया है, लेकिन बहादुरगढ़ समेत हरियाणा के कई इलाकों में अभी भी स्कूल नियमित रूप से संचालित हो रहे हैं। इसे लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ती जा रही है। अभिभावक राहुल छिकारा ने कहा कि सुबह से ही तापमान काफी अधिक रहता है। बच्चे स्कूल से लौटते समय पूरी तरह पसीने से तर-बतर हो जाते हैं। सरकार को बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए जल्द छुट्टियां घोषित करनी चाहिए। वहीं मीना राठी ने कहा कि छोटे बच्चों को इतनी गर्मी में संभालना मुश्किल हो रहा है। कई बार बच्चे घर लौटकर बीमार महसूस करते हैं। अगर दिल्ली में छुट्टियां हो सकती हैं तो हरियाणा में भी फैसला लिया जाए। विद्यार्थी अभिराज ने बताया कि दोपहर तक क्लास में बैठना बहुत मुश्किल हो जाता है। गर्मी के कारण पढ़ाई में भी मन नहीं लग पाता। स्कूल से घर लौटते समय तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशानी होती है। छठी कक्षा की छात्रा खुशी ने कहा कि स्कूल से आने के बाद बहुत थकान महसूस होती है। कई बच्चों को पानी की कमी और सिरदर्द की शिकायत भी रहती है। अभिभावकों ने सरकार व शिक्षा विभाग से मौसम की गंभीरता को देखते हुए हरियाणा में भी जल्द ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की मांग की है।

# सीएम ने पार्षद प्रवीन को भाजपा करवाई ज्वाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद के वार्ड नंबर 22 के पार्षद प्रवीन कुमार मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। सीएम नायब सिंह सैनी ने स्वयं उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। इस मौके पर विधायक राजेश जून भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

बता दें कि विधायक राजेश जून के मार्गदर्शन में ही पार्षद प्रवीन कुमार भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद प्रवीन सोनू ने कहा कि वे सीएम नायब सैनी और भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जनता के हित में लगातार काम कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा के साथ जुड़कर वह अपने वार्ड और शहर के विकास के लिए अधिक मजबूती से कार्य कर पाएंगे। विधायक राजेश जून ने कहा कि प्रवीन कुमार के भाजपा में आने से पार्टी को बहादुरगढ़ में मजबूती मिलेगी।



पार्षद प्रवीन कुमार को भाजपा में शामिल करवाते सीएम नायब सैनी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## मिशन एडमिशन | संयुक्त प्रयास से सरकारी कॉलेज में बदल रही बयार

# दूबलधन राजकीय कॉलेज में दाखिले बढ़ाने को गांव-गांव जा रही सुधार समिति




राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में उपस्थित सुधार समिति के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में दाखिलों के लिए कॉलेज सुधार समिति के कार्यकर्ताओं ने प्रचार की कमान संभाल ली है। प्रचार समिति के सदस्यों ने दूबलधन, माजरा, सिवाना, चिमनी ढराणा, बाकरा, बिगोवा, पिलाना, अच्छेज-पहाड़ीपुर, मलिकपुर व सफीपुर आदि गांवों में पंचायत करके बच्चों को कॉलेज मे दाखिले के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं विवेकानंद लाइब्रेरी समिति, स्वतंत्रता सेनानी ललतीराम ट्रस्ट, नितानंद सेवा समिति जटेलाधाम, ग्राम-पंचायत के सरपंच-पंच व कॉलेज की फैकल्टी विद्यार्थियों को घर-घर जाकर दाखिले के लिए प्रेरित रहे हैं। वहीं आंगनबाड़ी वर्कर और सेल्फ-हेल्प ग्रुप की महिला कार्यकर्ता भी महिलाओं से संपर्क कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष राजकीय महाविद्यालय दूबलधन में हिंदी और इतिहास विषय की एमए आई थी। सुधार समिति ने अल्प समय में लक्ष्य से दोगुने विद्यार्थियों के दाखिले करवाने में सहयोग किया था। दूबलधन कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर की 240 सीटें हैं।

### आईटीआई में 1 जून से होगी दाखिला प्रक्रिया

**झज्जर।** आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि जिले की सभी आईटीआई में जून माह के पहले सप्ताह से आगामी सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरु हो रही है। उन्होंने बताया कि निदेशालय के निर्देशानुसार एक जून से सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया आरम्भ कर दी जाएगी। जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी समय रहते अपना रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं पास करने उपरांत अभ्यर्थी कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, आर एंड एसी, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रॉनिक्स और युवतियां कॉस्मेटोलॉजी, ड्रेस मेकिंग, सेविंग टेक्नोलॉजी व्यवसाय में अपना भविष्य बना सकती हैं।



झज्जर। जीतपाल, प्राचार्य आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा।

### परीक्षाओं के चलते धारा 163 लागू

**झज्जर।** जिलाधीश एवं डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने एमडीयू रोहतक की यूजी व पीजी परीक्षाओं के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। यह परीक्षाएं जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रातः कालीन सत्र (सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक) तथा सायं कालीन सत्र (दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक) आयोजित की जा रही हैं। जारी आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट, जेरॉक्स एवं कॉपी ट्रांसमिटिंग गतिविधियों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शोक जताने गया दुकानदार पीछे से दुकान में लगी आग



झज्जर। दुकान में लगी आग के दौरान सामान बाहर निकालते हुए लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के सीताराम गेट स्थित शार्ट-सर्किट से लगी आग के कारण एक किरयाना स्टोर में रखा सामान जल कर राख हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब दुकान संचालक दुकान बंद करके किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गया था। दुकान संचालक रोहित पुत्र भगवानदास ने बताया कि उसके पड़ोस में किसी का निधन हो गया था। वह अंतिम यात्रा में शामिल होने गया था। उसी दौरान करीब साढ़े बारह बजे उसके पास दुकान में आग लगने की सूचना आई। जब वह दुकान पर आया तो आस-पास के लोग व राहगीर बुझाने में लगे थे। इसी दौरान पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आ गई। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों द्वारा जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान का अधिकांश सामान जल चुका था। रोहित के अनुसार इस घटना में उसकी दुकान में रखे दो फ्रीज, इनवर्टर बैट्री, दाल, चीनी, चावल व अन्य सामान जल गया। इसके अलावा गल्ले में रखे पन्द्रह हजार रुपये भी आग की भेंट चढ़ गए।

### आर्थिक मदद की मांग

रोहित के अनुसार इस घटना में उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उसने साढ़े तीन साल पहले यह दुकान किराए पर ली थी। उसने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। वहीं, नप चेयरमैन जिले सिंह ने भी मौका मुआयना किया और मदद का आश्वासन दिया।